**माननीय मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग की अध्यक्षता में दिनांक–16.05.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से सभी जिलों के क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ VC के माध्यम से सम्पन्न समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।**

**उपस्थितिः– VC के माध्यम से।**

माननीय मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, बिहार, पटना द्वारा VC के माध्यम से उपस्थित सभी जिलों के क्षेत्रीय पदाधिकारियों/मुख्यालय स्थित सभी पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

1. विभागीय अधिसूचना 2961 दिनांक 06.05.2026 द्वारा अधिसूचित बिहार खनिज (समानुदान, अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण निवारण) (संशोधन) नियमावली, 2026 के प्रावधानों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। माननीय मंत्री द्वारा संशोधित नियमावली के संबंध में निम्न निदेश दिया गया :–

- संशोधित नियमावली का दृढ़तापूर्वक अनुपालन कराना सभी सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारियों की जिम्मेवारी है।
- विभागीय अधिसूचना 2961 दिनांक 06.05.2026 द्वारा अधिसूचित बिहार खनिज (समानुदान, अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण निवारण) (संशोधन) नियमावली, 2026 के प्रावधानों को निर्गत अधिसूचना के तिथि से लागू कराना सुनिश्चित करें।
- संशोधित नियमावली के वैसे प्रावधान, जिसको भविष्य में लागू किया जाना है, इस हेतु अभी से ही विस्तृत कार्य योजना तैयार कर लें।

(अनुपालन :–सभी सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी)

2. <u>राजस्व समाहरण :–</u>

भोजपुर, रोहतास, नालन्दा, कैमूर, बक्सर, गया, औरंगाबाद, नवादा, जहानाबाद, शेखपुरा, जमुई, मुंगेर, बेगूसराय, खगड़िया, मुजफ्फरपुर, बेतिया, मोतिहारी, वैशाली, सीतामढ़ी, अररिया, किशनगंज, कटिहार, समस्तीपुर, सारण, गोपालगंज, सीवान, सुपौल एवं मधेपुरा जिलों में गत वित्तीय वर्ष 2025–26 में माह मई, 2025 की तुलना में 13 मई, 2026 तक राजस्व वसूली कम होने के कारण असंतोष व्यक्त किया गया एवं सभी सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी को राजस्व वसूली में तेजी लाने का निदेश दिया गया, ताकि आगामी बैठक से पूर्व माहवार निर्धारित लक्ष्य को पूरा किया जा सके।

(अनुपालन :–सभी सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी)

3. <u>बालूघाटों के नीलामी की स्थिति :–</u>

समीक्षा के क्रम में बताया गया कि राज्यान्तर्गत पीला बालूघाटों की सं0–466 है, जिसमें से नीलामित बालूघाटों की सं0–311 एवं वर्तमान में अनीलामित बालूघाटों की सं0–155 है। नीलामित बालूघाटों में से संचालित बालूघाटों की संख्या–204 है। इसी प्रकार उजला बालूघाटों की सं0–541 है, जिसमें से नीलामित बालूघाटों की सं0–89 एवं वर्तमान में अनीलामित बालूघाटों की सं0–452 है। नीलामित उजला बालूघाटों में से

संचालित बालूघाटों की संख्या–35 है। माननीय मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग द्वारा निम्न निदेश दिया गया :–

- जिन जिलों में बालूघाटों की नीलामी सम्पन्न नहीं हो पायी है, उन जिलों के सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी संबंधित समाहर्त्ता से समन्वय स्थापित कर अनीलामित बालूघाटों की नीलामी कराने हेतु अविलम्ब नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करें।

- चूँकि नव प्रख्यापित नियमावली में स्वामिस्व दर में वृद्धि के साथ–साथ प्रत्यार्पित बालूघाट के मामले में सुरक्षित जमा राशि का निर्धारण करने की प्रक्रिया प्रावधानित की गयी है। प्रत्यार्पित किये गये सभी बालूघाटों के मामले में सुरक्षित जमा राशि का निर्धारण पूर्व समानुदानधारक के प्रारम्भिक वर्ष के लिए नीलामी राशि के समतुल्य अथवा बालू की खनन योग्य मात्रा X स्वामिस्व की दर, इनमें से जो अधिक हो, के आधार पर करते हुए अविलम्ब संबंधित समाहर्त्ता से समन्वय स्थापित कर पुनर्नीलामी हेतु विज्ञापन प्रकाशित कराया जाय।

(अनुपालन :–सभी सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी)

## 4. नीलामित बालूघाटों के वैधानिक अनापत्ति :–

- औरंगाबाद जिला में 03 बालूघाट, अरवल जिला में 02, लखीसराय जिला में 01 बालूघाट, खगड़िया जिला में 01 बालूघाट, वैशाली जिला में 04 बालूघाट, बेतिया जिला में 01 बालूघाट, सिवान जिला में 01 बालूघाट, पटना जिला में 01 बालूघाट एवं मोतिहारी जिला में 03 बालूघाट अर्थात कुल–17 बालूघाटों के लिए खनन योजना अनुमोदन हेतु लंबित है। जिलावार खनन योजना हेतु लंबित बालूघाट की विवरणी निम्न प्रकार है :–

| क्र० सं० | जिला का नाम | बालूघाट का नाम | संख्या | LOI की तिथि | बालूघाट की नीलामी की राशि | प्रथम किस्त की राशि (50%) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | औरंगाबाद | Aurangabad Son-11B | 3 | 29.01.2026 | **11,34,00,000** | **5,67,00,000** |
| | | AURANGABAD BLOCK 38D(PUNPUN 18-23) | | 13.03.2026 | **1,01,92,500** | **50,96,250** |
| | | AURANGABAD BLOCK 38C(PUNPUN 9-17) | | 09.04.2026 | **87,81,300** | **43,90,650** |
| 2 | अरवल | Arwal Son -14 (Belaw 1C) | 2 | 19.03.2026 | **68,31,00,000** | **34,15,50,000** |
| | | Arwal Son -14 (Belaw 1B) | | 19.03.2026 | **8,01,90,000** | **4,00,95,000** |
| 3 | लखीसराय | Block-08 | 1 | | **7,52,97,600** | **3,76,48,800** |
| 4 | खगड़िया | Unit -02 (Rasauk Sandghat and Amni sandghat) | 1 | 27.01.2025 | **44,55,000** | **22,27,500** |
| 5 | वैशाली | Vaishali Ganga- 6C | 4 | 22.12.2025 | **2,10,87,000** | **1,05,43,500** |
| | | Vaishali Ganga- 6D | | 22.12.2025 | **2,01,96,000** | **1,00,98,000** |
| | | Vaishali Ganga- 6E | | | **1,75,50,000** | **87,75,000** |
| | | Vaishali Ganga- 6F | | | **1,84,95,000** | **92,47,500** |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | बेतिया | Unit- 10 | 1 | 31.12.2022 | **7,16,04,000** | **3,58,02,000** |
| 7 | सीवान | Gayaspur Unit- 01 | 1 | 24.04.2025 | **30,19,500** | **15,09,750** |
| 8 | पटना | Patna Ganga- 28F | 1 | 19.08.2025 | **1,13,89,950** | **56,94,975** |
| 9 | मोतिहारी | Gandak Satar-1 | 3 | | **28,62,000** | **14,31,000** |
| | | Gandak Satar-1 | | | **28,62,000** | **14,31,000** |
| | | Gandak Unit-2(Pipra & Govindganj) | | | **31,96,800** | **15,98,400** |
| | **Total** | | **17** | | **1,14,76,78,650** | **57,38,39,325** |

सभी संबंधित सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि बंदोबस्तधारी से समन्वय स्थापित कर यथाशीघ्र अनुमोदन हेतु खनन योजना विभाग में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे, ताकि ससमय खनन योजना का अनुमोदन किया जा सके। उक्त सभी बालूघाटों की बंदोबस्ती राशि 114.76 करोड़ है। बालूघाटों को ससमय संचालित हो जाने पर इस वित्तीय वर्ष में 114.76 करोड़ राजस्व सरकार को प्राप्त हो सकेगी।

(अनुपालन :—सभी सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी)

- अरवल जिला में 03 बालूघाट, औरंगाबाद जिला में 03 बालूघाट, नालन्दा जिला में 04 बालूघाट, जमुई जिला में 01 बालूघाट, बाँका जिला में 04 बालूघाट, लखीसराय जिला में 01 बालूघाट, भागलपुर जिला में 01 बालूघाट, पटना जिला में 07 बालूघाट, सुपौल जिला में 02 बालूघाट है, अर्थात कुल—26 बालूघाटों का ToR लंबित/अप्राप्त है। जिलावार ToR लंबित/अप्राप्त बालूघाटों की विवरणी निम्न प्रकार है :—

| **क्र0** | **जिला का नाम** | **बालूघाटों का नाम** | **संख्या** | **खनन योजना अनुमोदन की तिथि** | **बालूघाट की नीलामी की राशि** | **प्रथम किस्त की राशि (50%)** | **Proposal Number and Date of Submission** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Arwal | Arwal Son-9 (Kamta 2) | 3 | 03.02.2026 | **5,49,45,000** | **2,74,72,500** | **SIA/BR/MIN/569669/2026 Date of Submission: 29/04/2026** |
| | | Unit- 05 (Sonbhadra-1,2,3) | | 05.05.2026 | **82,26,900** | **41,13,450** | |
| | | Unit- 06 (Sonbhadra-4, Bansi-1 & 2) | | 05.05.2026 | **1,08,55,350** | **54,27,675** | |
| 2 | Aurangabad | Aurangabad Son-19C | 3 | 05.05.2026 | **10,36,53,000** | **5,18,26,500** | |
| | | Aurangabad Son -27A | | 05.05.2026 | **7,12,80,000** | **3,56,40,000** | |
| | | Block-32, MOEF Son 1F | | 05.05.2026 | **8,88,03,000** | **4,44,01,500** | |
| 3 | Nalanda | बालूघाट संख्या—01 (सकरी 1) | 4 | 12.05.2026 | **1,01,97,000** | **50,98,500** | |
| | | बालूघाट संख्या—02 (सकरी 2) | | 12.05.2026 | **1,10,38,500** | **55,19,250** | |
| | | बालूघाट संख्या—03 (सकरी 3) | | 12.05.2026 | **1,48,50,000** | **74,25,000** | |
| | | कलस्टर संख्या—01 (सकरी 6, सोईवा | | 12.05.2026 | **33,75,900** | **16,87,950** | |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4) | | | | | |
| 4 | Jamui | Block- 09 (Kiul) Chauchon Chandbag | 1 | 12.05.2026 | **5,36,94,000** | **2,68,47,000** | |
| 5 | Banka | Banka Chanan- 04 | 4 | 31.03.2023 | **9,20,70,000** | **4,60,35,000** | **SIA/BR/MIN/425650/2023 Date of Submission: 04/05/2023** |
| | | Kurar Unit | | 12.01.2023 | **4,09,46,400** | **2,04,73,200** | Application not found |
| | | Sukhaniya Unit | | 12.01.2023 | **22,45,95,000** | **11,22,97,500** | Application not found |
| | | Badua Unit-01 | | 06.04.2023 | **4,15,80,000** | **2,07,90,000** | **SIA/BR/MIN/425244/2023 Date of Submission: 04/07/2023** |
| 6 | Lakhisarai | Kiul Block-12 | 1 | 06.01.2026 | **6,78,58,560** | **3,39,29,280** | |
| 7 | Bhagalpur | Koshi Unit | 1 | 25.08.2023 | **97,20,000** | **48,60,000** | **SIA/BR/MIN/442820/2023 Date of Submission: 02/09/2023** |
| 8 | Patna | Patna Ganga-1D | 7 | 07.10.2024 | **1,78,20,000** | **89,10,000** | |
| | | Patna Ganga-1E | | 10.09.2024 | **1,63,35,000** | **81,67,500** | |
| | | Patna Ganga-1F | | 10.09.2024 | **1,93,05,000** | **96,52,500** | |
| | | Patna Ganga-1G | | 07.10.2024 | **1,48,50,000** | **74,25,000** | |
| | | Patna Ganga-2A | | 13.02.2026 | **2,16,00,000** | **1,08,00,000** | |
| | | Patna Ganga-2B | | 13.02.2026 | **1,75,50,000** | **87,75,000** | |
| | | Patna Ganga-2C | | 13.02.2026 | **1,48,50,000** | **74,25,000** | |
| 9 | Supaul | Unit- 01 | 2 | 22.02.2023 | **33,85,800** | **16,92,900** | **SIA/BR/MIN/421224/2023 Date of Submission: 06/03/2023** |
| | | Unit- 03 | | 23.02.2023 | **33,39,000** | **16,69,500** | **SIA/BR/MIN/420197/2023 Date of Submission: 26/07/2024** |
| **Total** | | | **26** | | **1,03,67,23,410** | **51,83,61,705** | |

ToR प्राप्त किया जाना EC प्राप्त किये जाने का प्रारम्भिक चरण होता है। 26 बालूघाटों का ToR काफी दिनों से लंबित है। ToR लंबित होने एवं पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त नहीं होने के कारण राज्य सरकार को राजस्व के रूप में लगभग 103.67 करोड़ राजस्व का नुकसान हो रहा है, जो अत्यंत गंभीर मामला है। इस पर काफी नाराजगी व्यक्त की गयी एवं सभी संबंधित सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि व्यक्तिगत अभिरूचि लेते हुए बालूघाट के संबंधित उच्चतम डाकवक्ता एवं उनके RQP Consultant से समन्वय स्थापित कर मामले का निराकरण कराते हुए ToR प्राप्त करने की दिशा में अग्रेत्तर कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

(अनुपालन :–सभी सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी)

- पीला बालूघाट के मामले में औरंगाबाद जिला में 12 बालूघाट, गया जिला में 01 बालूघाट, जमुई जिला में 03 बालूघाट, अरवल जिला में 12 बालूघाट, पटना जिला में 01 बालूघाट अर्थात कुल–29 पीला बालूघाट एवं उजला बालूघाट के मामले में पटना

जिला में 06 बालूघाट, मुजफ्फरपुर जिला में 04 बालूघाट, वैशाली जिला में 01 बालूघाट, बेगूसराय जिला में 03 बालूघाट, सारण जिला में 01 बालूघाट अर्थात कुल–15 उजला बालूघाट लोक सुनवाई हेतु लंबित है। जिलावार लोक सुनवाई हेतु लंबित बालूघाटों की विवरणी निम्न प्रकार है :–

| क्र0 | जिला का नाम | बालूघाटों / कलस्टर का नाम | लोक सुनवाई हेतु लंबित बालूघाटों की संख्या | TOR Grant होने की तिथि | बालूघाट की नीलामी की राशि | प्रथम किस्त की राशि (50%) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पीला बालूघाट | | | | | | |
| 1 | Aurangabad | औरंगाबाद सोन-16B | 12 | 12.11.2025 | **12,47,40,000** | **6,23,70,000** |
| | | औरंगाबाद सोन-2C | | 12.11.2025 | **7,27,65,000** | **3,63,82,500** |
| | | औरंगाबाद सोन-12A | | 12.11.2025 | **10,39,50,000** | **5,19,75,000** |
| | | औरंगाबाद सोन-12B | | 18.10.2025 | **9,80,10,000** | **4,90,05,000** |
| | | औरंगाबाद सोन-15B | | 19.11.2025 | **10,39,50,000** | **5,19,75,000** |
| | | औरंगाबाद सोन-18A | | 12.11.2025 | **12,96,00,000** | **6,48,00,000** |
| | | औरंगाबाद सोन-18C | | 12.11.2025 | **10,03,86,000** | **5,01,93,000** |
| | | औरंगाबाद सोन-19A | | 12.11.2025 | **12,55,50,000** | **6,27,75,000** |
| | | औरंगाबाद सोन-22A | | 12.11.2025 | **8,91,00,000** | **4,45,50,000** |
| | | ब्लॉक -32, एमओईएफ सोन 1C | | 12.11.2025 | **10,39,50,000** | **5,19,75,000** |
| | | औरंगाबाद सोन-15A | | 10.04.2026 | **8,91,00,000** | **4,45,50,000** |
| | | औरंगाबाद सोन-11C | | 22.01.2026 | **8,59,95,000** | **4,29,97,500** |
| 2 | Gaya | Block- 37 (Gaya Morhar 24) | 1 | | **12,52,80,000** | **6,26,40,000** |
| 3 | Jamui | Block-10 (Kiul) Neemarang, Garsand, Bhachiar, Chandbagh | 3 | 21-04-2023 | **5,21,55,000** | **2,60,77,500** |
| | | Block-12 (Barnar) Simaria | | 10-04-2023 | **11,49,39,000** | **5,74,69,500** |
| | | Block-13 (Barnar) Kolhua | | 16-02-2023 | **15,65,10,000** | **7,82,55,000** |
| 4 | Arwal | Arwal Son-3 (Ashlampur dullah 3) | 12 | 08.08.2024 | **18,71,37,000** | **9,35,68,500** |
| | | Arwal Son-9 (Kamta 3) | | 04.12.2025 | **4,90,05,000** | **2,45,02,500** |
| | | Arwal Son 10 (Masadpur1 Ghat A ) | | 04.12.2025 | **5,34,60,000** | **2,67,30,000** |
| | | Arwal Son-11 (Masadpur 2 Ghat B ) | | 17.11.2025 | **6,66,90,000** | **3,33,45,000** |
| | | Arwal Son-8 (Kamta Bathe 1) | | 10.04.2026 | **8,91,00,000** | **4,45,50,000** |
| | | Arwal Son-9 (Kamta 1) | | 30.03.2026 | **5,94,00,000** | **2,97,00,000** |
| | | Arwal Son 10 (Masadpur 1 Ghat C ) | | 26.02.2026 | **5,61,33,000** | **2,80,66,500** |
| | | Arwal Son-16(Kaler Tola Pura Kothi 1) | | 30.03.2026 | **6,23,70,000** | **3,11,85,000** |
| | | Arwal Son-16(Kaler Tola Pura Kothi 2) | | 30.03.2026 | **5,64,30,000** | **2,82,15,000** |
| | | Arwal Son-16 (Kaler Tola Pura Kothi 3) | | 03.04.2026 | **7,51,68,000** | **3,75,84,000** |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Arwal Son -15 (Belaw 2A) | | 11.05.2026 | **7,12,80,000** | **3,56,40,000** |
| | | Arwal Son -14 (Belaw 1A) | | 11.05.2026 | **10,96,20,000** | **5,48,10,000** |
| 5 | Patna | Patna Sone Cluster-11B | 1 | 11.05.2026 | **23,23,37,160** | **11,61,68,580** |
| **Total** | | | **29** | | **2,84,41,10,160** | **1,42,20,55,080** |
| **उजला बालूघाट** | | | | | | |
| 6 | Patna | पटना गंगा बालूघाट संख्या– 1-C | 6 | 28-03-2025 | **2,22,75,000** | **1,11,37,500** |
| | | गंगा नदी के बालूघाट संख्या–7-G | | 03.04.2026 | **2,89,57,500** | **1,44,78,750** |
| | | Patna Ganga Sand Ghat 03-B | | 10.04.2026 | **1,35,00,000** | **67,50,000** |
| | | Patna Ganga Sand Ghat 2-D | | 10.04.2026 | **1,62,00,000** | **81,00,000** |
| | | Patna Ganga Sand Ghat 03-A | | 10.04.2026 | **1,21,50,000** | **60,75,000** |
| | | Patna Ganga Sand Ghat 2-E | | 10.04.2026 | **1,68,75,000** | **84,37,500** |
| 7 | Muzaffarpur | मूरौल / बैधनाथपुर | 4 | 24-05-2024 | **1,56,27,150** | **78,13,575** |
| | | मोरसंडी–01 | | 22-10-2025 | **25,98,750** | **12,99,375** |
| | | करहर–03 | | 22-10-2025 | **29,70,000** | **14,85,000** |
| | | करहर–01 | | 31.01.2026 | **43,06,500** | **21,53,250** |
| 8 | Vaishali | Vaishali Ganga - 6B | 1 | 31.01.2026 | **1,84,14,000** | **92,07,000** |
| 9 | Begusarai | Ganga River Unit-11 | 3 | 28.03.2025 | **59,40,000** | **29,70,000** |
| | | Ganga River Unit-07 | | 26.02.2026 | **64,35,000** | **32,17,500** |
| | | Ganga River Unit-08 | | 26.02.2026 | **39,60,000** | **19,80,000** |
| 10 | Saran | Gandak-10 (Kalighat Darihara Sarla-3) | 1 | 07.04.2026 | **1,11,37,500** | **55,68,750** |
| **Total** | | | **15** | | **18,13,46,400** | **9,06,73,200** |
| **Sub Total** | | | **44** | | **3,02,54,56,560** | **1,51,27,28,280** |

लोक सुनवाई लंबित होने से ससमय Final EIA जमा नहीं हो पाती है, जिसके कारण SEIAA, बिहार से संबंधित बालूघाट के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति निर्गत होने में विलम्ब हो रहा है। कुल 44 बालूघाटों के लिए लोक सुनवाई लंबित होने के कारण 302.54 करोड़ राजस्व का नुकसान हो रहा है, जो राजस्व के दृष्टिकोण से अत्यंत गंभीर मामला है। इस पर काफी नाराजगी व्यक्त की गयी एवं सभी संबंधित सहायक निदेशक / खनिज विकास पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि व्यक्तिगत अभिरूचि लेते हुए बालूघाट के संबंधित उच्चतम डाकवक्ता, उनके RQP Consultant एवं बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद से समन्वय स्थापित कर यथाशीघ्र संबंधित बालूघाटों का लोक सुनवाई कराना सुनिश्चित करेंगे।

(अनुपालन :–सभी सहायक निदेशक / खनिज विकास पदाधिकारी)

- भोजपुर जिला में 02 बालूघाट, औरंगाबाद जिला में 06 बालूघाट, गया जिला में 02 बालूघाट, पटना जिला में 02 बालूघाट, अरवल जिला में 02 बालूघाट, मुजफ्फरपुर जिला में 02 बालूघाट, बेगूसराय जिला में 01 बालूघाट, बाँका जिला में 04 बालूघाट, मधुबनी जिला में 04 बालूघाट, रोहतास जिला में 01 बालूघाट अर्थात कुल–26

बालूघाटों का EC लंबित है। जिलावार EC हेतु लंबित बालूघाटों की विवरणी निम्न प्रकार है :–

| क्र0 | जिला का नाम | बालूघाटों / कलस्टर का नाम | EC लंबित / अप्राप्त बालूघाटों की संख्या | बालूघाट की नीलामी की राशि | प्रथम किस्त की राशि (50%) | लोक सुनवाई की तिथि | Proposal Number and Date of Submission |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Bhojpur | Bhoj Son 22C | 2 | 9,01,69,200 | 45084600 | EC TRANSFER | SIA/BR/MIN/571804/2026 Date of Submission: 10/03/2026 |
| | | Bhoj Son 11 | | 36,22,44,960 | 181122480 | EC TRANSFER | |
| 2 | Aurngabad | AURANGABAD SON 14A | 6 | 11,24,28,000 | 56214000 | 20.03.2026 | SIA/BR/MIN/574718/2026 Date of Submission: 06/04/2026 |
| | | AURANGABAD 12C | | 8,76,15,000 | 43807500 | 27.02.2026 | SIA/BR/MIN/571955/2026 Date of Submission: 17/04/2026 |
| | | Aurangabad Son 13B | | 7,72,20,000 | 38610000 | 16.04.2026 | SIA/BR/MIN/576217/2026 Date of Submission: 28/04/2026 |
| | | Aurangabad Son 16C | | 8,28,63,000 | 4,14,31,500 | 17.03.2026 | |
| | | Aurangabad Son 15C | | 9,62,28,000 | 4,81,14,000 | 17.03.2026 | |
| | | Aurangabad Son 25A | | 5,31,63,000 | 2,65,81,500 | 25.03.2026 | |
| 3 | Gaya | BLOCK-22 (GAYA MORHAR 9) | 2 | 11,88,00,000 | 59400000 | 28.01.2026 | SIA/BR/MIN/572549/2026 Date of Submission: 18/03/2026 |
| | | Block-05 (Gaya Falgu 05) | | 11,28,60,000 | 56430000 | 14.07.2025 | |
| 4 | Patna | Patna Ganga 6E | 2 | 1,48,50,000 | 7425000 | 02.08.2025 | |
| | | Patna Ganga Sand Ghat No. 23 F | | 92,21,850 | 46,10,925 | 13.04.2026 | SIA/BR/MIN/576209/2026 Date of Submission: 07/05/2026 |
| 5 | Arwal | ARWAL SON 11 (MASADPUR 2A) | 2 | 5,04,90,000 | 25245000 | 26.02.2026 | SIA/BR/MIN/572056/2026 Date of Submission: 12/03/2026 |
| | | Unit 7(Moglapur, Moglapur Thakurbadi, Turuk telpa Koni, | | 1,20,13,650 | 60,06,825 | 13.04.2026 | |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Balaura) | | | | | |
| 6 | Muzaffarpur | Unit No.-02 (Morsandi Ghat-02) | 2 | 33,07,500 | 1653750 | | SIA/BR/MIN/573816/2026 Date of Submission: 31/03/2026 |
| | | Unit No.-03 (Morsandi Ghat-03) | | 27,22,500 | 1361250 | | SIA/BR/MIN/573843/2026 Date of Submission: 31/03/2026 |
| 7 | Begusarai | Budhi Gandak Unit 3 | 1 | 24,75,000 | 1237500 | | SIA/BR/MIN/575498/2026 Date of Submission: 14/04/2026 |
| 8 | Banka | Banka Chanan 3 | 2 | 8,01,90,000 | 40095000 | 13.03.2026 | |
| | | Banka Chanan 9 | | 9,80,10,000 | 49005000 | 13.03.2026 | |
| 9 | Banka | Banka Chanan- 8 | 2 | 6,53,40,000 | 32670000 | | SIA/BR/MIN/488220/2024 Date of Submission: 01/08/2024 |
| | | Chir Unit-2 | | 16,28,10,000 | 81405000 | | SIA/BR/MIN/489647/2024 Date of Submission: 01/08/2024 |
| 10 | Madhubani | Cluster - 02 | 4 | 85,28,850 | 4264425 | | SIA/BR/MIN/489954/2024 Date of Submission:31/07/2024 |
| | | Cluster - 03 | | 75,93,300 | 3796650 | | SIA/BR/MIN/490735/2024 Date of Submission: 01/08/2024 |
| | | Cluster - 05 | | 1,31,76,900 | 6588450 | | SIA/BR/MIN/490732/2024 Date of Submission: 01/08/2024 |
| | | Cluster - 07 | | 67,27,050 | 3363525 | | SIA/BR/MIN/490740/2024 Date of Submission: 01/08/2024 |
| 11 | Rohtas | Son Block- 08 | 1 | 28,66,05,000 | 143302500 | 13.06.2025 | SIA/BR/MIN/476700/2024 Date of Submission: 15/06/2024 |
| Total | | | 26 | 2,01,76,52,760 | 1,00,88,26,380 | | |

26 बालूघाटों का EC काफी दिनों से लंबित है। EC प्राप्त नहीं होने के कारण राज्य सरकार को राजस्व के रूप में लगभग 201.76 करोड़ राजस्व का नुकसान हो रहा है। सभी संबंधित सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि व्यक्तिगत अभिरूचि लेते हुए बालूघाट के संबंधित उच्चतम डाकवक्ता, उनके RQP Consultant एवं SEIAA, बिहार से समन्वय स्थापित कर EC प्राप्त करने की दिशा में अग्रेत्तर कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

(अनुपालन :–संबंधित सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी)

- अरवल जिला में 04 बालूघाट, जमुई जिला में 02 बालूघाट, वैशाली जिला में 03 बालूघाट, भोजपुर जिला में 05 बालूघाट, औरंगाबाद जिला में 08 बालूघाट, मधेपुरा जिला में 01 बालूघाट, सीतामढ़ी जिला में 01 बालूघाट, रोहतास जिला में 01 बालूघाट,

बेगूसराय जिला में 02 बालूघाट, पटना जिला में 01 बालूघाट, गोपालगंज जिला में 01 बालूघाट, गया जिला में 08 बालूघाट अर्थात कुल–37 बालूघाट कार्यादेश हेतु लंबित है। जिलावार कार्यादेश हेतु लंबित बालूघाट की विवरणी निम्न प्रकार है:–

| क्र0 | जिला का नाम | बालूघाटों / कलस्टर का नाम | EC लंबित / अप्राप्त बालूघाटों की संख्या | बालूघाट की नीलामी की राशि | प्रथम किस्त की राशि (50%) | EC निर्गत होने की तिथि | CTE / CTO की स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Arwal | Arwal Son 7 (Bathe 4) | 4 | 6,23,70,000 | 31185000 | 04.02.2026 | प्राप्त |
| | | Arwal Son 8 (Kamta Bathe 2) | | 5,94,00,000 | 29700000 | 06.03.2026 | प्राप्त |
| | | Unit 3(Dhamaul, Kodmarae-2,1, Surfurpur, Bhagwatipur -1, Kurse- 3, Bhagwatipur- 2) | | 1,07,51,400 | 5375700 | 06.03.2026 | प्राप्त |
| | | Arwal Son 10 (Masadpur 1B) | | 5,04,90,000 | 2,52,45,000 | 27.03.2026 | प्राप्त |
| 2 | Jamui | Block 5 (Barnar)-Dumri | 2 | 13,99,41,000 | 69970500 | 19.02.2026 | प्राप्त |
| | | Block 4 (Barnar) Asarhua, Tola Balsom | | 1,39,50,000 | 6975000 | 19.02.2026 | प्राप्त |
| 3 | Vaishali | Vaishali Gandak -1B | 3 | 1,41,07,500 | 70,53,750 | 13.06.2025 | प्राप्त |
| | | Vaishi Gandak 2A | | 1,48,50,000 | 7425000 | 06.03.2026 | प्राप्त |
| | | Vaishi Ganga 6A | | 2,04,93,000 | 10246500 | 24.12.2025 | प्राप्त |
| 4 | Bhojpur | Bhoj Son 29C | 5 | 7,72,20,000 | 38610000 | 19.02.2026 | |
| | | Bhoj Son 29A | | 8,01,90,000 | 40095000 | 19.02.2026 | |
| | | Bhoj Son 26C | | 9,45,00,000 | 47250000 | 19.02.2026 | |
| | | Bhoj Son 30A | | 9,80,10,000 | 4,90,05,000 | 27.03.2026 | |
| | | BHOJ SON 13 | | 21,08,70,000 | 10,54,35,000 | EC निर्गत | |
| 5 | Aurangabad | Aurangabad Son 3B | 8 | 6,68,25,000 | 3,34,12,500 | 22.10.2025 | |
| | | Aurangabad Sone- 2-B | | 7,42,50,000 | 37125000 | 19.02.2026 | |
| | | Aurangabad Sone-.-1C | | 8,16,75,000 | 40837500 | 19.02.2026 | |
| | | Aurangabad Son .-13A | | 8,91,00,000 | 44550000 | 19.02.2026 | |
| | | Aurangabad Son 28C | | 8,76,15,000 | 4,38,07,500 | 19.02.2026 | |
| | | Aurangabad Sone-10B | | 7,42,50,000 | 3,71,25,000 | 27.03.2026 | |
| | | Block 36 Aurangabad MoEF Sone-5-F | | 6,65,28,000 | 3,32,64,000 | 27.03.2026 | |
| | | Aurangabad Sone- 8 | | 61,43,55,300 | 30,71,77,650 | EC निर्गत | |
| 6 | Madhepura | Unit 2 | 1 | 52,86,600 | 26,43,300 | 04.03.2025 | |
| 7 | Sitamadhi | UNIT-3 (PANRAHI GHAT) | 1 | 87,02,100 | 43,51,050 | 19.02.2026 | |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | Rohtas | Rohtas Son Block 12 | 1 | 35,26,79,184 | 176339592 | 24.03.2026 | |
| 9 | Begusarai | Budhi Gandak Unit 2 | 2 | 49,50,000 | 24,75,000 | 25.02.2025 | |
| | | Budhi Gandak Unit 4 | | 30,24,000 | 15,12,000 | 23.04.2026 | |
| 10 | Patna | Patna Ganga 3C | 1 | 1,18,80,000 | 59,40,000 | 07.12.2025 | |
| 11 | Gopalganj | Jagiri Tola K | 1 | 34,65,000 | 17,32,500 | 27.03.2026 | |
| 12 | Gaya | Block 18 (Gaya morhar-05) | 8 | 10,53,00,000 | 5,26,50,000 | 07.12.2025 | |
| | | Block 21 (Gaya morhar-08) | | 8,31,60,000 | 4,15,80,000 | 09.12.2025 | |
| | | Block 23 (Gaya morhar-10) | | 6,83,10,000 | 3,41,55,000 | 07.12.2025 | |
| | | Block- 29 (Gaya Morhar 16) | | 5,04,90,000 | 2,52,45,000 | 12.07.2024 | |
| | | Block- 32 (Gaya Morhar 19) | | 16,87,50,000 | 8,43,75,000 | 17.01.2025 | |
| | | Block- 34 (Gaya Morhar 21) | | 6,48,00,000 | 3,24,00,000 | 10.07.2024 | |
| | | Block- 35 (Gaya Morhar 22) | | 6,48,00,000 | 3,24,00,000 | 10.07.2024 | |
| | | Block- 36 (Gaya Morhar 23) | | 9,11,25,000 | 4,55,62,500 | 18.01.2025 | |
| **Total** | | | **37** | 3,18,84,63,084 | | | |

37 बालूघाटों में से 28 बालूघाटों के लिए EC प्राप्त होने के उपरांत CTE/CTO की प्रत्याशा में कार्यादेश निर्गत नहीं हुआ है। 09 बालूघाटों का CTE/CTO भी प्राप्त है, फिर भी एकरारनामा का निष्पादन कराकर बालूघाट का संचालन नहीं हो रहा है। 37 बालूघाटों का संचालन नहीं होने से राज्य सरकार को राजस्व के रूप में लगभग 318. 84 करोड़ राजस्व का नुकसान हो रहा है, जो अत्यंत गंभीर मामला है। इस हेतु माननीय मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग द्वारा काफी रोष प्रकट किया गया एवं सभी संबंधित सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी को स्पष्टीकरण करने का निदेश दिया गया। सभी संबंधित सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी व्यक्तिगत अभिरूचि लेते हुए 28 बालूघाटों के उच्चतम डाकवक्ता एवं उनके RQP Consultant से समन्वय स्थापित कर यथाशीघ्र CTE/CTO हेतु आवेदन समर्पित कराना सुनिश्चित करायेंगे। साथ ही 09 बालूघाट जिसके लिए CTE/CTO प्राप्त है, उसके उच्चतम डाकवक्ता से एक सप्ताह के अन्दर प्रथम किस्त की राशि एवं उस पर देय अन्य कर जमा कराते हुए बालूघाट के संचालन हेतु अग्रेत्तर कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

(अनुपालन :–अपर सचिव/सभी सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी)

5. **<u>पत्थर भूखण्डों की नीलामी :–</u>**

i. समीक्षा के क्रम में बताया गया कि शेखपुरा, गया, रोहतास, औरंगाबाद, कैमूर एवं बाँका जिले का जिला सर्वेक्षण प्रतिवेदन (DSR) प्रारूप तैयार कर ली गई है एवं नवादा जिला का DSR प्रतिवेदन अनुमोदित है। नये जिला सर्वेक्षण प्रारूप में चिह्नित पत्थर भूखण्डों की विवरणी निम्न प्रकार है :–

ii.

| क्र0 | जिला | चिह्नित पत्थर भूखण्डो की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | कैमूर | 01 |
| 2 | गया | 08 |
| 3 | बाँका | 01 |
| 4 | शेखपुर | 12 |
| 5 | नवादा | 06 |
| 6 | औरंगाबाद | 02 |
| 7 | रोहतास | 04 |
| कुल | | 34 |

शेखपुरा जिलान्तर्गत कटनीकोल पत्थर भूखण्ड संख्या–15, औरंगाबाद जिलान्तर्गत पचार पत्थर भूखण्ड संख्या–02 एवं कैमूर जिलान्तर्गत मौजा मदुरना में अवस्थित पत्थर भूखण्ड पर पर्यटन के महत्व के दृष्टिकोण से आपत्ति दर्ज है, जिसकी बंदोबस्ती नहीं की जाएगी।

iii. पत्थर भूखण्डों का यथाशीघ्र नीलामी कराने हेतु सभी संबंधित खनिज विकास पदाधिकारी को निम्न निदेश दिया गया :–

- अनुमण्डल स्तरीय समिति द्वारा DSR प्रारूप की पुनः समीक्षा कर यथाशीघ्र जन सामान्य की जानकारी एवं सुझाव/आपत्ति के लिए संबंधित जिला के वेबसाईट पर कम से कम 21 दिनों के लिए दिनांक 20.05.2026 तक अपलोड किया जाय।

- प्राप्त आपत्ति/सुझाव का निराकरण कर DSR प्रारूप को जिला पदाधिकारी के माध्यम से परीक्षण एवं मूल्यांकन हेतु SEAC को भेजा जाय।

- SEIAA, Bihar से DSR के अनुमोदन के उपरान्त यथाशीघ्र पत्थर भूखण्डों की बंदोबस्ती हेतु अग्रेत्तर की जाय।

- नवादा जिला का जिला सर्वेक्षण प्रतिवेदन अनुमोदित है। तदालोक में ई–नीलामी हेतु जियो–कॉर्डिनेट सहित पत्थर खनन भूखण्ड का निर्धारण कर ली जाय।

6. **अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण क विरूद्ध कृत कार्रवाई की समीक्षा :–**

राज्यान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 में अवैध खनन/परिवहन/भंडारण के विरूद्ध कुल 49737 छापेमारी, 2756 प्राथमिकी दर्ज, 719 गिरफ्तारी, 6295 जब्त वाहन एवं कुल 8423.64 लाख रूपये वसूली गयी है।

वित्तीय वर्ष 2026–27 में अवैध खनन/परिवहन/भंडारण के विरूद्ध कृत कार्रवाई के समीक्षा के क्रम में पाया गया कि दिनांक 01.04.2026 से 13.05.2026 तक कुछेक जिलों में जप्त वाहनों की संख्या बहुत कम है, जो निम्न प्रकार है :–

| क्र0 | जिला | जप्त वाहनों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | मोतिहारी | 05 |
| 2 | वैशाली | 05 |
| 3 | शेखपुरा | 04 |
| 4 | समस्तीपुर | 06 |
| 5 | सहरसा | 08 |
| 6 | सुपौल | 05 |
| 7 | दरभंगा | 04 |
| 8 | शिवहर | 07 |
| 9 | मधेपुरा | 05 |
| 10 | बेतिया | 08 |
| 11 | गोपालगंज | 04 |
| 12 | मधुबनी | 06 |
| 13 | जहानाबाद | 04 |
| 14 | सीवान | 01 |

माननीय मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरूद्ध नियमित छापेमारी करने का निदेश दिया गया, ताकि अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हो सके। अवैध खनन एवं परिवहन के विरूद्ध कार्रवाई में शिथिलता बरतने वाले पदाधिकारियों को चिह्नित कर उनके विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

(अनुपालन :–सभी सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी)

**7. अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण क विरूद्ध प्राप्त शिकायत के आलोक में लंबित ATR की समीक्षा :–**

अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण क विरूद्ध प्राप्त शिकायत के आलोक में लंबित ATR की जिलावार विवरणी निम्न प्रकार है :–

| क्र0 | जिला | लंबित ATR की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | बेगूसराय | 11 |
| 2 | वैशाली | 05 |
| 3 | मुजफ्फरपुर | 04 |
| 4 | खगड़िया | 04 |

| | | |
|---|---|---|
| 5 | गया | 04 |
| 6 | पटना | 04 |
| 7 | मोतिहारी | 03 |
| 8 | किशनगंज | 02 |
| 9 | बेतिया | 02 |
| 10 | सुपौल | 02 |
| 11 | सारण | 02 |
| 12 | गोपालगंज | 01 |
| 13 | अररिया | 01 |

सभी संबंधित सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि लंबित ATR को एक सप्ताह के अन्दर विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। समीक्षा के क्रम पाया गया कि जिला खनन कार्यालय, बेगूसराय का ATR काफी दिनों से लंबित है। साथ ही खनिज विकास पदाधिकारी, बेगूसराय द्वारा विभागीय पत्रों का जवाब भी काफी विलम्ब से दिया जाता है। इस हेतु खनिज विकास पदाधिकारी एवं लिपिक, बेगूसराय से स्पष्टीकरण पूछने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन :–अपर सचिव/सभी सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी)

## 8. जब्त बालू की नीलामी की समीक्षा :–

जब्त बालू की नीलामी की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि भोजपुर, गया, बांका, बक्सर एवं सुपौल जिला में जप्त बालू की नीलामी हेतु विज्ञापन प्रकाशन नहीं किया गया है। उक्त जिलों के सभी खनिज विकास पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि यथाशीघ्र जप्त बालू की नीलामी हेतु विज्ञापन प्रकाशित करें। साथ ही सभी कार्य विभागों से समन्वय स्थापित कर नियमानुसार जप्त बालू के उठाव हेतु उनसे भी अनुरोध करें।

(अनुपालन :–सभी सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी)

## 9. जब्त वाहनों का राज्यसात/अधिहरण :–

समीक्षा के क्रम में पाया गया कि सभी जिलों में जप्त वाहनों के संख्या की तुलना में समाहर्त्ता को राजसात हेतु भेजे गये प्रस्ताव की संख्या बहुत कम है, जिससे स्पष्ट होता है की बिहार खनिज (समानुदान, अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण निवारण) नियमावली, 2019 यथा संशोधित के नियम–56 के तहत 30 दिनों के अन्दर जुर्माना राशि नहीं जमा करने पर वाहन को राजसात हेतु भेज दिया जाना है, का अनुपालन जिलास्तर पर पूर्ण रूप से नहीं किया जा रहा है। साथ ही समाहर्त्ता स्तर पर भी राजसात हेतु भेजे गये वाहनों के लिए सुनवाई काफी दिनों से लंबित पाया जा रहा है। इस हेतु सभी सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी को निम्न निदेश दिया गया :–

- जप्त वाहनों के चालक/मालिक द्वारा 30 दिनों के अन्दर शमन शुल्क एवं खनिज मूल्य जमा नहीं करने की स्थिति में यथाशीघ्र राजसात तथा अधिहरण हेतु प्रस्ताव समाहर्त्ता को भेजा जाय।
- समाहर्त्ता स्तर पर राजसात हेतु भेजे गये वाहनों के लिए सुनवाई लंबित होने की स्थिति में जिला के विधि शाखा से समन्वय स्थापित कर यथाशीघ्र सुनवाई कराना सुनिश्चित की जाय, ताकि अधिरोपित शमन शुल्क एवं खनिज मूल्य की वसूली हो सके।
- समाहर्त्ता द्वारा अधिहरित वाहनों की नीलामी यथाशीघ्र कराना सुनिश्चित की जाय।

(अनुपालन :–सभी सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी)

10. **ईंट–भट्ठों की समीक्षा :–**

राज्यान्तर्गत कुल संचालित ईंट–भट्ठों की सं0–6116 है, जिसमें से पूर्ण भुगतान करने वाले ईंट–भट्ठों की सं0–5048 एवं शून्य भुगतान करने वाले ईंट–भट्ठों की सं0–1068 है। सभी सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि शून्य भुगतान वाले ईंट–भट्ठा के मालिकों के उपर बकाया राशि की वसूली हेतु प्राथमिकी /नीलाम पत्र वाद दायर करना सुनिश्चित करें। साथ ही बकाया राशि के वसूली हेतु नियमानुसार अग्रेत्तर कार्रवाई करने हेतु नीलाम पत्र पदाधिकारी से भी अनुरोध करें।

(अनुपालन :–सभी सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी)

11. **अन्य महत्वपूर्ण बिन्दु :–**

(1) मुख्यालय स्थित कन्ट्रोल रूम के प्रभारी पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि जिलास्तर पर लंबित मामलों को यथाशीघ्र पूरा करने हेतु नियमित अनुश्रवण करेंगे।

(अनुपालन :–प्रभारी कन्ट्रोल रूम (मु0))

(2) अधिसूचना संख्या– 2961 दिनांक 06.05.2026 से बिहार खनिज (समानुदान, अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण निवारण) (संशोधन) नियमावली, 2026 अधिसूचित है। नव प्रख्यापित नियमावली में प्रत्यार्पित बालूघाटों के मामले में सुरक्षित जमा राशि का निर्धारण करने के प्रावधान के साथ–साथ स्वामिस्व दर में संशोधन किया गया है। नियमावली में **"निकाले गये खनिजों के लिए वार्षिक आधार पर की गयी स्वामिस्व की संगणना वार्षिक बंदोबस्ती की राशि से यदि अधिक हो तो बंदोबस्तधारी निकाली गयी अतिरिक्त मात्रा के लिए बंदोबस्ती राशि के अतिरिक्त अत्यधिक स्वामिस्व के भुगतान के लिए उत्तरदायी होगा"** का प्रावधान है। स्वामिस्व दर में संशोधन होने के उपरांत अतिरिक्त स्वामिस्व की भुगतान की देयता हो सकती है। इस परिप्रेक्ष्य में नये अधिसूचित स्वामिस्व दर के आधार पर अतिरिक्त स्वामिस्व की गणना कराने एवं अतिरिक्त स्वामिस्व की पुष्टि होने की स्थिति में अतिरिक्त राशि को

खनन शीर्ष में जमा कराने हेतु सभी समाहर्त्ता को पत्र के माध्यम से अनुरोध करने का निदेश दिया गया है।

(अनुपालन :–अपर सचिव, खान एवं भूतत्व विभाग)

(3) माननीय खान मंत्री द्वारा बताया गया कि गोपालगंज जिला से उत्तर प्रदेश राज्य में अवैध लघु खनिज लदे वाहनों का परिचालन लगातार हो रहा है। इस हेतु धावा दल का गठन कर छापामारी कराने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन :–अपर सचिव, खान एवं भूतत्व विभाग)

(4) कार्य विभागों द्वारा निर्माण कार्य में बड़े पैमाने पर लघु खनिजों यथा– मिट्टी, पत्थर, बालू एवं मोरम इत्यादि का उपयोग किया जाता है। ग्रामीण कार्य विभाग, पथ निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, भवन निर्माण विभाग एवं लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग इत्यादि के संवेदकों द्वारा निर्माण कार्यो/सरकारी परियोजनाओं में उपयोग किये गये लघु खनिजों प्रयोजनार्थ रॉयल्टी एवं मालिकाना फीस की प्राप्ति कर खनन मुख्य शीर्ष 0853 में जमा कराना सुनिश्चित करें।

(अनुपालन :–सभी सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी)

(5) चार माह पूर्व कियुल ब्लॉक सं0–12 बालूघाट का खनन योजना अनुमोदन होने के बावजूद उच्चतम डाकवक्ता द्वारा ToR के लिए SEIAA के परिवेश पोर्टल पर अबतक आवेदन समर्पित नहीं किया गया है। ToR के लिए SEIAA के परिवेश पोर्टल पर आवेदन समर्पित नहीं कराये जाने के आलोक में खनिज विकास पदाधिकारी, लखीसराय को स्पष्टीकरण करने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन :–अपर सचिव, खान एवं भूतत्व विभाग)

(6) बेतिया जिलान्तर्गत बालूघाट यूनिट–10 का ई–नीलामी दिनांक 31.12.2022 को सम्पन्न हो गयी है, जबकि उक्त बालूघाट का अबतक खनन योजना अनुमोदित नहीं है। खनिज विकास पदाधिकारी, बेतिया से पृच्छा के क्रम में उनके द्वारा स्पष्ट जानकारी नहीं दी गयी। लगभग तीन वर्षों से अधिक समय तक बालूघाट संचालन नहीं होने के कारण राजस्व की काफी क्षति हुई है। इस हेतु खनिज विकास पदाधिकारी, बेतिया से स्पष्टीकरण पूछने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन :–अपर सचिव, खान एवं भूतत्व विभाग)

(7) खनिज विकास पदाधिकारी, गया द्वारा बंदोबस्ती अवधि समाप्त हो चुके पत्थर भूखण्ड से पूर्ववर्ती नियमों का हवाला देते हुए खनिज उठाव की अनुमति दिये जाने के पक्ष में तर्क प्रस्तुत किये जाने तथा उस पत्थर भूखण्ड को जिला सर्वेक्षण प्रतिवेदन प्रारूप में सम्मिलित नहीं किये जाने के आलोक में उनसे स्पष्टीकरण करने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन :–अपर सचिव, खान एवं भूतत्व विभाग)

(8) DMF के संबंध में खान मंत्रालय, भारत सरकार से लगातार मुख्यालय को पत्र प्राप्त हो रहा है। प्राप्त पत्र के आलोक में सभी सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी को सूचना/आंकड़ा उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया

है। सभी सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी 15 दिनों के अन्दर वांछित प्रतिवेदन मुख्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

(अनुपालन :–क्षेत्रीय पदाधिकारी/मुख्यालय स्थित पदाधिकारी)

(8) सहयोग शिविर में खान एवं भूतत्व विभाग से संबंधित प्राप्त आवेदनों का यथाशीघ्र निष्पादन करने का निदेश सभी सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी को दिया गया। ससमय निष्पादन नहीं करने की स्थिति में संबंधित पदाधिकारी के विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

(अनुपालन :–सभी सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी)

(9) ISTP के संबंध में प्रचार–प्रसार करने का निदेश सभी संबंधित पदाधिकारी को दिया गया।

(अनुपालन :–सभी सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी)

**अन्त में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।**

ह0/–

**(डॉ0 प्रमोद कुमार)**

**मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग**

सं0सं0:– 3479 /एम0, पटना, दिनांक :– 29.05.2026

प्रतिलिपि :– सभी समाहर्त्ता, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

29/05/26

सरकार के अपर सचिव

सं0सं0:– 3479 /एम0, पटना, दिनांक :– 29.05.2026

प्रतिलिपि :– माननीय मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग के आप्त सचिव/सचिव के वरीय प्रधान आप्त सचिव/निदेशक कोषांग/अपर सचिव कोषांग/संयुक्त सचिव/अवर सचिव–I,II/विधि पदाधिकारी/उप सचिव/विशेष कार्य पदाधिकारी–I, II/सभी प्रशाखा पदाधिकारी एवं सभी संबंधित पदाधिकारी/सभी सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी (मु0/क्षे0)/आई0टी0 प्रबंधक खान एवं भूतत्व विभाग को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

29/05/26.

सरकार के अपर सचिव